Need to provide stoppage of newly proposed Patliputra-Siwan Intercity Express at different railway stations in Maharajganj Parliamentary Constituency-laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): पूर्व मध्य रेलवे के पाटलिपुत्र जं. से उत्तर पूर्व रेलवे के सिवान जं. तक एक नई इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन कराने का प्रस्ताव पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर द्वारा प्रस्तावित है । इस प्रस्तावित ट्रेन का ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा, बिहार अंतर्गत कोपा सम्हौता, दाउदपुर, एकमा, महेन्द्रनाथ हाल्ट एवं चैनवा रेलवे स्टेशनों पर नहीं है । दूसरा यह है कि उपर्युक्त प्रस्तावित ट्रेन के संचालन का समय कार्यालयीय समयानुसार निर्धारित नहीं है । इस परिस्थिति में हमारे संसदीय क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के जनता को उक्त प्रस्तावित ट्रेन के परिचालन का लाभ सही तरीके से नहीं मिलेगा । अत: रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जनहित और रेलहित में प्रस्तावित ट्रेन के समय में सुधार कर कार्यालयीय समय पर चलाने एवं मेरे संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त सभी रेलवे स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालन जल्द से जल्द आरंभ कराने हेतु कार्रवाई की जाये ।